* श्रीगणेशाय नमः *

संसार के बीज कारणस्वरूप हयग्रीव भगवान् को नमस्कार करके वायुनन्दन मिश्र इस पद्धति की रचना करते हैं ॥१॥ नाना प्रकार के स्मृति-निबन्धों और बुद्धिमानोंके मत का देख

अथ प्रेतमञ्जरी प्रारभ्यते ।

नमस्कृत्य हयग्रीवं जगत्कारण-कारणम् ॥ वायुनन्दनमिश्रेण रच्यते प्रेतमञ्जरी ॥ १ ॥ नानास्मृतिनिबन्धानां मतमालोक्य धीमताम् ॥ लिख्यते बालबोधाय प्रेतमञ्जर्यनुत्तमा ॥ २ ॥ अथ प्रेताधिकारिणः कथ्यन्ते ॥ पुत्रः पौत्रः प्रपौत्रो वा भ्राता वा भ्रातृसन्ततिः ॥ सपिण्डसन्ततिर्वाऽपि क्रियार्हो

कर बालकों के बोध के लिए उत्तम प्रेतमञ्जरी लिखते हैं ॥२॥ पहिले प्रेतक्रिया के अधिकारियों को बताते हैं:—पहिला अधिकारी पुत्र है, इसके अभाव में पोता, यह भी न हो तो परपोता, यह भी न हो तो भाई या भतीजा, इनके भी न होने पर सात पीढ़ी तक की कोई सन्तान अधिकारी

होती है ॥३॥ इन सब के अभाव में चौदह पीढ़ी तक की सन्तान अधिकारी है। सपिण्डत्व ७ पीढ़ी तक लिया जाता है ॥४॥ और समानोदकभाव १४ पीढ़ी तक है। पिता का पिण्ड दान और तिलाञ्जलि पुत्र करे ॥५॥ पुत्र के अभावमें स्त्री करे। वह भी न हो तो सगा भाई करे।

नृप जायते ॥ ३ ॥ तेषामभावे सर्वेषां समानोदकसन्ततिः। सपिण्डत्वं तु पुरुषे सप्तमे विनिवर्त्तते ॥४॥ समानोदकभावस्तु निवर्त्तेताचतुर्दशात्। पितुः पुत्रेण कर्तव्या पिण्डदानोदकक्रिया ॥ ५ ॥ पुत्राभावे तु पत्नी स्यात्पत्न्यभावे सहोदरः ॥ उच्छिन्नत्यक्तबन्धूनां कारयेदवनीपतिः ॥ ६ ॥ (तथा मनुः) पित्रोर्मरणकाले तु न चेत्स्यात्सन्निधौ सुतः। अन्यः कुर्याद्दशाहं च न च सर्वं कदाचन ॥७॥ ततो मृतस्य त्रिविधा क्रिया भवति। प्रथममध्यमोत्तमाः

नष्ट कुलवालों और परित्यक्त बन्धुओं का राजा करावे ॥६॥ मनु भगवान् कहते हैं कि पिता के मरणकालके समय यदि पुत्र समीप न हो तो दूसरा कोई दस दिनकी क्रिया कर दे, लेकिन सब क्रिया कभी न करे ॥ ७ ॥ मृतककी क्रिया तीन प्रकार की होती है—[१] प्रथम [२]

मध्यम और [३] उत्तम। इसमें छः पिण्ड घरसे लेकर श्मशान तक दश पिण्ड दशवां तक मलिन षोडशी नामवाली प्रथम क्रिया होती है ॥ विष्णवादि से विष्णुपर्यन्त ग्यारह ११ पिण्ड ब्रह्मादि प्रेतान्त पाँच पिण्ड तक मध्य षोडशी नामवाली मध्यम क्रिया होती है और एकादश से लेकर

ततः षट्पिण्डादारभ्य दशाहान्तं मलिनषोडशी ॥ इति प्रथमा क्रिया। विष्णवादिप्रेतान्तमध्यषोडशी इति मध्यमा क्रिया ॥ आद्यश्राद्धादारभ्य सपिण्डनान्ता उत्तमा क्रिया ॥ (केचित्तु दाहादारभ्याऽशौचान्तदिनपर्यन्ता पूर्वा क्रिया। एकादशाहादारभ्य सपिण्डनान्ता मध्यमा क्रिया। सपिण्डनानन्तरं सांवत्सरिकपार्वणाभ्युदयिकनित्यश्राद्धादिरूपोत्तरा क्रिया) तत्र औरसादि

सपिण्डनान्त तक उत्तम षोडशी नामवाली उत्तम क्रिया होती है ॥ कोई२आचार्य दाहकर्म से लेकर अशौचान्त दिन (दशवां) तक पूर्व क्रिया, एकादशाहसे लेकर सपिण्डनान्त तक मध्यम क्रिया और सपिण्डनके बाद सांवत्सरिक [साल भरका पिण्ड] पार्वण, आभ्युदयिक [नान्दीश्राद्ध]

नित्य श्राद्ध आदि को उत्तर क्रिया बतलाते हैं ॥ इस में औरस आदि तेरह प्रकार के पुत्रों का अधिकार है। उन तेरह प्रकार के पुत्रों के नाम ये हैं—[१] औरस, [२] पुत्रिकापुत्र [नाती], [३] क्षेत्रज, [देवरादिसे उत्पन्न पुत्र], [४] कानीन, [अविवाहित कन्याके पितृगृह में उत्पन्न पुत्र], [५] सहोढज [गर्भवती कन्या के विवाह होने पर उत्पन्न पुत्र], [६] गूढोत्पन्न

त्रयोदशपुत्राणामधिकारः। ते च त्रयोदश पुत्राः। औरसः १ पुत्रिक पुत्रः २ क्षेत्रजः ३ कानीनः ४ सहोढजः ५ गूढोत्पन्नः ६ पौनर्भवः ७ अपविद्धः ८ दत्तकः ९ क्रीतः १० कृत्रिमः ११ स्वयमुपगतः १२ पारासवः १३ तेषु मुख्यः औरसः। तदभावे पुत्रिकापुत्रः। ततः पूर्वपूर्वाभावे उत्तरोत्तराधिकारी ॥

[गुप्त रीतिसे उत्पन्न पुत्र], [७] पुनर्भू पुत्र [विधवा होने पर अन्यसे उत्पन्न पुत्र], [८] अपविद्ध [नाल सहित प्राप्त पुत्र] [९] दत्तक [गोद लिया हुआ पुत्र] [१] क्रीत [खरीदा हुआ पुत्र], [११] कृत्रिम [पुत्र के गुणों से युक्त मान लिया गया पुत्र], [१२] स्वयं उपगत [खुद अपने यहाँ आकर रहने वाला पुत्र] [१३] पराशव [शूद्र स्त्री से उत्पन्न पुत्र]। इन

तेरह प्रकार के पुत्रों में मुख्य औरस पुत्र है, उसके अभाव में नाती, उसके अभाव में क्रमशः बाद वाले अधिकारी होते हैं। इन तेरह प्रकार के पुत्रों का लक्षण समाप्त! मरनेके समय वैतरणी नदी पार होनेके निमित्त बछड़े सहित काली गौका दान करे। [उसकी विधि बतलाते हैं]

एषां त्रयोदशपुत्राणां लक्षणम्। ततः प्राण-प्रयाणसमये वैतरणीनदीतरण-कामः सवत्सगोदानं कुर्यात्। तस्य विधिः। तत्र सन्निकृष्टमरणं ज्ञात्वा॥ गोमयोपलिप्तायां भूमौ कुशैराच्छादितायां तदुपरि उत्तरशिरस्कां निदध्यात्॥ दक्षिण-हस्तेन कुशं नीत्वा वैतरणीतरणाय गां दद्यात्॥ तत्र प्राङ्मुखः कृताचमनः देवब्राह्मणान्सम्पूज्य कुशत्रयमादाय॥ अद्येत्यादि अमुकगोत्र अमुकशर्माऽहं अमुकगोत्रस्य पितुरमुकशर्मणः वैतरणीनदीतरणकामः इमां कृष्णां गां

मृत्यु को नजदीक जानकर गोबर से लिपी हुई और कुश बिछाई हुई जमीन पर उत्तरको ओर शिर कर दहिने हाथ में कुश लेकर वैतरणी पार होने के लिए गौदान करे। तब पूर्व मुख आचमन करके देवता और ब्राह्मणोंकी पूजा कर, तीन कुशों को लेकर 'अद्य० अमुक गोत्रः०'

इत्यादि वाक्योंको पढ़े । [दक्षिणादान] 'कृतस्य०' यह वाक्य पढ़कर दक्षिणा दे । ब्राह्मण दोनों स्थानों पर 'ॐ स्वस्ति' ऐसा कहे । [प्रार्थना] तब 'उष्णे वर्षति०' इन श्लोकों को पढ़े । तब पुत्र

सवत्सां रुद्रदैवतां यथाऽलङ्कारसहितां अमुकगोत्रायाऽमुकशर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ॥ दक्षिणादानम् ॥ कृतस्य कृष्णागोदानकर्मणः साङ्गतासिद्ध्यर्थं दक्षिणाद्रव्यं अमुकगोत्रायाऽमुकशर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ॥ उभयस्थाने ॐ स्वस्तीति पठेत् ॥ प्रार्थना ॥ उष्णे वर्षति शीते वा मारुते वाति वर्षति ॥ दुर्गं तारयते यस्मात्तस्माद्वैतरणी स्मृता ॥ यमद्वारे पथे घोरे घोरां वैतरणीं नदीम् ॥ तर्तुकामः प्रयच्छामि कृष्णां वैतरणीं च गाम् ततो पुत्राद्यधिकारी गतप्राणं शवं ज्ञात्वा दहेत् ॥ तत्र दाहप्रक्रिया ॥ ततो गतप्राणस्य

आदि अधिकारी मुर्दे को प्राण रहित जान कर जलावै । [अब दाहक्रिया बतलाते हैं]-मुर्दे के शरीर को मिट्टी और जलसे धोकर उस नहाए हुए शव के अङ्गों में सात सोनेके टुकड़े रक्खे ।

उसका क्रम बतलाते हैं। १ मुंह में, २ कान में, २ नेत्र में, २ नाक में इस प्रकार सातों छेदों में सोनेके टुकड़ोंको रख कर, अथवा केवल मुखमें रक्खे। नाखून, बाल और दाढ़ी-मूछ बनवादे, कपड़ा पहिनावे, जनेव बदले, माला-चन्दन आदिसे विभूषित शरीरको घीसे स्नान करावे,

मृत्तिका-तोयाभ्यां देहं प्रक्षाल्य स्नापितस्य सप्तकनकखण्डानि विन्यसेत् ॥ तत्र क्रमः ॥ एकं मुखे कर्णद्वये नेत्रद्वये नासापुटद्वये च सप्तसु छिद्रेषु प्रक्षिप्य, सुवर्णखण्डं केवलं मुखे क्षिपेदिति वा ॥ नखकेशश्मश्रुवपनं वस्त्रं परिधत्ते ब्राह्मणस्य सोपवीतम्॥स्रक्चन्दनादिभिर्विभूषितम्॥ तच्छरीरमाज्येनाऽभ्युक्षयेति कात्यायनः ॥ तत्र पुत्रादिभिः वपनं स्नानं वस्त्रं परिधार्य पवित्रधारणम् ॥ ततो मृतकस्थानादारभ्य अस्थिसञ्चयनान्तं षट् पिण्डान् दद्यात्। स्थाने द्वारे

ब्राह्मणके लिये ऐसा कात्यायनका वचन है। तब पुत्रादि बाल बनवावें, नहायँ, कपड़ा पहन कर पवित्र धारण करें। तब दाहकर्तामृतकस्थानसे लेकर अस्थिचयन तक६पिण्डदे। १पिण्डस्थान पर, १

द्वार पर, १ चौराहे पर, १ विश्राम स्थान पर, १ शवके हाथमें, १ चिता भूमि पर दे। यह मलिन नामवाला६ पिण्ड पहला षोडशमें कहा जाता है। 'अद्य०' आदि पढ़कर मृतकस्थानपर॥१॥ 'अद्य०'

चतुष्पथे चितायां शवहस्तके॥ अस्थिसञ्चयने षष्ठो दश पिण्डा दशाह्निकाः ॥१॥ मलिनं षोडशं चैतत् प्रथमं परिकीर्तितम् ॥ तत्र क्रमः। (स्थाने)—अद्या-मुकगोत्रपितरमुकप्रेतभूमितुष्ट्यर्थं मृतकस्थाने शवो नाम एष पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥१॥ (ततो द्वारदेशे)—अद्यामुकगोत्रपितरमुक-प्रेत दूततुष्ट्यर्थं गृहवास्त्वधिदेवतातुष्ट्यर्थं च द्वारदेशे पान्थनाम एष पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ २ ॥ (चतुष्पथे)—अद्यामुकगोत्रपितरमुकप्रेत भूतकोटिपलायनकामः चत्वरे खेचरनाम एष पिण्डस्ते मया दीयते तवोपति-ष्ठताम् ॥ ३ ॥ (विश्रामस्थाने)—अद्याऽमुकगोत्रपितरमुकप्रेत विश्रामकाले ॥ ४ ॥

आदि पढ़ कर द्वार पर ॥२॥ 'अद्य०' आदि पढ़ कर चौराहे पर ॥३॥ 'अद्य०' आदि पढ़ कर

विश्राम स्थान पर ॥४॥ 'अद्य०' आदि पढ़कर चितापर ॥५॥ 'अद्य०' आदि वाक्यसे अस्थिसञ्चयन स्थानपर ॥६॥ तब नारायणका नाम लेकर मुर्देको उठाकर गङ्गा आदि अथवा पवित्र पृथिवी भाग

पिशाचादि-अविघ्नार्थकामः विश्रामे भूतनाम एष पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥४॥ (चितायाम्) अद्यामुकगोत्रपितरमुकप्रेतमोक्षकामः चितायां दाहसाधनं नाम एष पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ ५ ॥ (अस्थिसञ्चयनस्थाने) अद्याऽमुकगोत्रपितरमुकप्रेतमोक्षकामः अस्थिसञ्चयननिमित्तक एष पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ ६ ॥ ततो नारायणनामस्मरणपूर्वकं शवमुत्थाय गङ्गादिनदीषु पवित्रभूभागे वा गत्वा चन्दनोत्तमादियज्ञीयकाष्ठैश्चितां रचयित्वा तस्योपरि पुरुषमधोमुखं उदक्शिरसं च निधाय ॥ नारीं

पर ले जाकर चन्दन आदि उत्तम यज्ञीय काष्ठोंसे चिता रच कर उसके ऊपर पुरुषका नीचेको मुँह, उत्तरकी ओर शिर रक्खे और स्त्री का उतान देह और उत्तरकी ओर शिर रक्खे। इसके बाद

गया आदि तीर्थोंका मानसिक ध्यान करे। यदि पञ्चकमें मृत्यु हुई हो तो पञ्चक विधि करे। 'अद्य०'आदि पढ़कर सङ्कल्प करे। दर्भमय पाँच पुतला बनाकर, जौके आटे में अनुलेपन कर,

तूत्तानदेहामुत्तरशिरस्कां च स्थापयेत् ॥ गयादीनि च तीर्थानि ये च पुण्याः शिलोच्चयाः॥ कुरुक्षेत्रं च गङ्गां च यमुनां च सरिद्वराम् ॥ कौशिकीं चन्द्रभागां च सर्वपापप्रणाशिनीम् ॥ भद्रावकाशां सरयूं गण्डकीं तमसां तथा ॥ वैष्णवं च वराहं च तीर्थं पिण्डारकं तथा ॥ पृथिव्यां यानि तीर्थानि चतुरः सागरांस्तथा ॥ एतानि तीर्थानि मनसा ध्यात्वा ॥ पञ्चके मृतश्चेत् पञ्चकविधानम् ॥ अद्यामुकगोत्रस्य पितुरमुकप्रेतस्य धनिष्ठादिपञ्चकमरणसूचितवंशारिष्टविनाशार्थं पञ्चकमरणविधिं करिष्ये॥ दर्भमयान् पञ्च पुत्तलान्कृत्वा यवपिष्टैरनुलिप्य ऊर्णासूत्रेण वेष्टयित्वा प्रेतोपरि न्यसेत् ॥ प्रथमं शिरसि ॥ द्वितीयं दक्षिणकुक्षौ

ऊनके सूतमें लपेट कर, मृतक पर रक्खे। एक पुतला शिर पर, दूसरा दहिनी कोख पर, तीसरा

बाँई कोख पर, चौथा नाभि पर, पाँचवां पैरों के बीच में रक्खे। इसके बाद नाममन्त्रों—प्रेतवाहाय० ॥ १ ॥ प्रेतसखाय०, ॥ २ ॥ प्रेतपाय०, ॥ ३ ॥ प्रेतभूमिपाय०, ॥ ४ ॥ प्रेतहर्त्रे०

॥ तृतीयं वामकुक्षौ ॥ चतुर्थं नाभौ ॥ पञ्चमं पादयोर्मध्ये न्यसेत् ॥ तदुपरि नाममन्त्रैर्घृताहुतीर्दद्यात् ॥ प्रेतवाहाय स्वाहा ॥१॥ प्रेतसखाय स्वाहा ॥२॥ प्रेतपाय स्वाहा ॥ ३ ॥ प्रेतभूमिपाय स्वाहा ॥ ४ ॥ प्रेतहर्त्रे स्वाहा ॥ ५ ॥ ततः दक्षिणाभिमुखो हुताशनं गृहीत्वा ॥ कृत्वा तु दुष्करं कर्म जानता वाप्यजानता ॥ मृत्युकालवशं प्राप्तं नरं पञ्चत्वमागतम् ॥ धर्माऽधर्मसमायुक्तं लोभमोहसमावृतम् ॥ दहेयं सर्वगात्राणि दिव्याँल्लोकान्स गच्छतु॥ इति मन्त्रमुदीर्य प्रदक्षिणं विधाय प्रज्वलदुल्मुकस्य शिरोदेशे दानम् ॥ ततस्तृणकाष्ठादिषु घृतं

॥ ५ ॥ से घृत की आहुति दे । तब दक्षिण मुंह होकर अग्नि लेकर 'कृत्वा तु' इन मन्त्रों को पढ़कर, प्रदक्षिणा कर जलती आगको शिरके स्थानमें लगावे। तब तृण काष्ठ आदि पर घी देकर

जलावे। जब कुछ शेष बच जाय तो दस अंगुलकी सात लकड़ीलेकर, सात प्रदाक्षणाकर, कुठारसे जलती लकड़ी पर सात वार प्रहार कर, 'क्रव्याद०' मन्त्र पढ़कर या चुपचाप) एक एक लकड़ी

परिक्षिप्य दग्ध्वा किञ्चिच्छेषयेत् ॥ ततः प्रादेशमात्रं सप्तकाष्ठिकाभिः सह प्रदक्षिणासप्तकं विधाय ॥ कुठारेणोल्मुकोपरि प्रहारसप्तकं कृत्वा ॥ क्रव्यादमग्निं प्रहिणोमि दूरं यमराज्यं स गच्छत्विति प्रवाहः॥इहैवायमितरो जातवेदा देवेभ्यो हव्यं च ददतु प्रजानयत्स्वाहा (तूष्णीं वा) एकैकां काष्ठिकामग्नौ क्षिपेत् ॥ अनतीतद्विवर्षप्रेतं गन्धमाल्यादिभिरलंकृत्य ॥ अहरहर्नयमानो गामश्वं पुरुषं पशून् ॥ वैवस्वतो न तृप्यति सुराप इव दुर्मतिः ॥ इति यमगाथां गायन्तो बान्धवा ग्रामाद्बहिः शुचिदेशे निखनेयुः॥तत्र नोदकदानादि ॥

को अग्निमें छोड़े। दो वर्षके भीतर मरे हुएको गन्धमाला आदिसे अलंकृत कर 'अहरहः' इस यमगाथाको गाते हुए बान्धव लोग गाँवसे बाहर पवित्र भूमि में खन कर गाड़ दें। उसका उदक-

दान न करें । प्रेत के दाह के बाद सब मुर्दे को छूनेवाले और मुर्दके सङ्ग जानेवाले चिता के वाम पार्श्वसे घूमकर जलाशयमें जाँय । एक गोता लगावें । अङ्ग न मलें । तब दो कपड़ों के सहित आचमनकर जलमें, या पत्थर पर, या पवित्र तीर पर दक्षिणाग्र कुश त्रय के ऊपर बाँया

तत्र प्रेतदाहाऽनन्तरं सर्वे शवस्पृशः शवानुगमनकर्तारश्च चितावामावर्तेन परावृत्य व्यावर्त्त्य जलाशये सर्वे गच्छेयुः ॥ सकृन्निमज्जेयुः ॥ अङ्गं च न विघर्षेयुः ॥ ततो द्विवासस आचम्य जले वा पाषाणपृष्ठे वा शुचितीरदेशे वा दक्षिणाग्रकुशत्रयोपरि वामहस्तान्वारब्धदक्षिणहस्ताङ्गुष्ठतर्जनीमध्यमात्मक पितृतीर्थेन द्विगुणभुग्नकुशत्रयेण प्रेतगोत्रनामनी उच्चार्य मृतं मनसा ध्यायन्तः प्रेताय सतिलजलाञ्जलिं दद्युः ॥ ॐ अद्याऽमुकगोत्रपितरमुकप्रेत एष तिलतोया-

हाथ लगा हुआ दहिने हाथकी अंगूठा-तर्जनी-मध्यमा अंगुलीके साथ पितृतीर्थसे तीन कुशा दोहरा लेकर, प्रेतका गोत्र नाम 'ॐ अद्यामुक०' उच्चारणकर, मृत व्यक्तिका मानसिक ध्यानकरते हुए

प्रेतके लिए तिल सहित जलाञ्जली देवें। यह जलदानक्रिया दशपुरुष पर्यन्त करना चाहिए। दूसरे दिनसे लेकर दश दिन पर्यन्त प्रातः जलदान करना और सायंकालको पीपरसे नजदीक 'सर्व-

ञ्जलिस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्॥ इयं च जलदानक्रिया दशपुरुषपर्यन्तं कर्तव्या ॥ द्वितीयदिनमारभ्य दशरात्रावच्छिन्न-प्रातःसायङ्काले पिप्पलसमीपे जलदीपदानम्। (तद्यथा)-सर्वतापोपशमनमध्व-श्रमविनाशनम् ॥ प्रेततृप्तिकरं वारि पिब प्रेत! सुखी भव॥अद्याऽमुकगोत्राऽमुकप्रेत एष तद्गताध्वतापश्रमनिव-र्तकाऽशौचान्तर्गतप्रथमदिनमश्वत्थशाखावलम्बितजलपूर्णघटः सतिलस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ इति जलदानम् ॥ अथ सायङ्काले दीपदानम् ॥ अ-न्धकारं महाघोरं रविर्यत्र न दृश्यते ॥ तस्योपकरणार्थाय दीपोऽयं दीयते मया॥

तापो०' पढ़कर जलदेना और 'अन्धकारं महाघोरं' पढ़कर दीपक बालना। और बान्धवोंके साथ

बावली, नदी आदिमें जाकर दशरात्र आत्मशुद्धिके निमित्त प्रतिदिन स्नानकरे। इस प्रकार प्रति दिन बिनानागा दोनों समयकरे। जो क्रियाकरे बिना नमक, एक बार स्वयं भोजन बनाकर खावे।

ॐ अद्याऽशौचान्तर्गतप्रथमदिन-अमुकगोत्राऽमुकप्रेतयममार्गानुसन्तरणघोरमिश्रान्धतमःसन्तरणकामः पिप्पलसमीपे एष दीपो मद्दत्तस्तवोपतिष्ठताम् ॥ अथ बान्धवैः सह तडागे गत्वा नद्यादौ वा गत्वा दशरात्रमात्मशुद्धयर्थं प्रत्यहं स्नानं कुर्यात् ॥ एवं प्रत्यहं दशरात्रावच्छिन्नं सायंप्रातः कुर्यात् ॥ क्रियामुपविशेत् ॥ अलवणमेकवारमेकभुक्तं स्वयं पाकं कुर्यात् ॥

अथ पिण्डदानक्रिया।

अन्यगोत्रः सगोत्रो वा नारी वा यदि वा पुमान् ॥ प्रथमेऽहनि यो दद्यात् स

अब पिण्डदानक्रिया कहते हैं। अन्य गोत्र हो, या सगोत्र हो, स्त्री हो या पुरुष पहले दिन

जिस चीज़ का पिंड दान करे उसी वस्तु का बराबर दश दिन तक करना। चाहे वह शालि [जड़हन का चावल] हो, या सत्तू हो, या साग हो,। षोडश श्राद्ध करना पुत्रका कर्तव्य है। रोज बराबर न कर सके तो १ ले, ३ रे, ५ वें, ७ वें, ९ वें, १० वें दिन पिंडदान करे।

दशाहं समापयेत्॥ शालिना सक्तुभिर्वाऽपि शाकैर्वाऽपि च निर्वपेत् ॥ प्रथमेऽहनि यद्द्रव्यं तदेव स्याद्दशाह्निकम् ॥ षोडश–श्राद्धानि तु पुत्रेणैव कर्त्तव्यानि, इति सिद्धम् ॥ प्रथमे च तृतीये वा पञ्चमे सप्तमे तथा ॥ नवमे दशमे चैव पिण्ड-दानं प्रकीर्तितम् ॥ वृद्धगार्ग्यः ॥ पतिः पत्नीसमायुक्तो दहत्येकहुताशने ॥ पाकमेकं प्रकुर्वीत पिण्डं दद्यात् पृथक् पृथक् ॥ यदि पुत्राद्यधिकारिणि विदेश-स्थेऽन्येन दाहकर्त्रा पिण्डदाने कृतेऽपि पुत्रादिरपि पिण्डं दद्यात्॥(अथाऽस्थि-

वृद्ध गार्ग्य का वचन है कि–पति और पत्नी एक चिता पर दग्ध किये गये हों तो पाक एक बनाना और पिण्ड अलग अलग देना। यदि पुत्र आदि अधिकारी परदेश में हों और दूसरा दाहकर्ता हो तो पिण्डदान करने पर भी पुत्र आदि पिण्डदान करे।

अथ अस्थिसञ्चयनम् । चौथे दिन ब्राह्मण, पाँचवें दिन क्षत्रिय, नवें दिन वैश्य, दशवें दिन शूद्र देश-कालके अनुसार श्राद्ध करे । यहाँ श्राद्धसे अस्थिसञ्चय और एकोद्दिष्ट विधान ग्रहण करना । इस प्रकार अशौचके अङ्गस्पर्शके सम्बन्ध में भी ४ थे दिन ब्राह्मण का, ६ ठे

सञ्चयनम् ।) चतुर्थे ब्राह्मणानां तु पञ्चमेऽहनि भूभुजाम् ॥ नवमे वैश्यजातीनां शूद्राणां दशमात्परे ॥ कर्तव्यं तु नरैः श्राद्धं देशकालाविरोधतः ॥ श्राद्धमत्रा-स्थिसञ्चयं एकोद्दिष्टविधानकम् ॥ एतच्च सम्पूर्णाऽशौचेषु दिनकथनम् ॥ एवमा-शौचिनामङ्गस्पर्शेऽपि ॥ चतुर्थेऽहनि विप्रस्य षष्ठे वै क्षत्रियस्य तु ॥ अष्टमे दशमे चैव स्पर्शः स्याद्वैश्य-शूद्रयोः ॥ यत्तु-प्रथमेऽह्नि तृतीये वा सप्तमे नवमेऽपि वा ॥ अस्थिसञ्चयनं कार्य्यं निजैस्तद्गोत्रजैः सह ॥ इति स्मृतिवाक्यम् ॥ तद्ब्राह्मणा-

दिन क्षत्रिय का, ८ वें दिन वैश्य का, १० वें दिन शूद्र का स्पर्श है । पहले दिन, तीसरे दिन, सातवें दिन, नवें दिन भी निज गोत्रज के साथ अस्थिसञ्चय करना, ऐसा स्मृति का वचन है ।

ब्राह्मण आदिको चौथे दिन अस्थिश्चयका सम्भावना हो तो प्रथम दिन करै, तीन दिन के अशौच में दूसरे दिन, एक रोजके अशौच में उसी रोज अस्थिसंचय करै। असम्पूर्ण अशौच के तीसरे भाग में अस्थिसंचय अंगस्पर्श करना।

दीनां चतुर्थादिदिनेष्वस्थिसञ्चयासम्भावनायां प्रथमादिदिवसेष्वस्थिसञ्चयनविधायकम् ॥ त्र्यहाशौचे तु–द्वितीयेऽह्नि ॥ सद्यःशौचे तद्दिन एवाऽस्थिसञ्चयः कर्तव्यः। असम्पूर्णाशौचान्तरेषु तृतीयभागोत्तरमस्थिसञ्चयोऽङ्गस्पर्शश्च कर्तव्य इति।

अथास्थिसञ्चयनप्रयोगः।

चतुर्थदिने स्नात्वा चतुर्थपिण्डं दत्वा श्राद्धदेशस्य गोमयोपलेपनं पञ्चगव्योपलेपनं च ज्वलदङ्गारभ्रमणं गौरमृत्तिकाऽऽच्छादनानि कारयित्वा ॥ गौरसर्षपैस्तिलैश्च विकरणम् ॥ स्वयं पाकमारभेत् ॥ ततः सिद्धान्ने

अथ अस्थिसञ्चयनप्रयोगः। चौथे दिन स्नान कर ४ पिंड देकर श्राद्धस्थान को गोवरसे या पंचगव्यसे लिपवा कर, जलते अंगारेको घुमावै और गौरमृत्तिकासे आच्छादनकर, सफेद सरसों और तिल बिखेरना। स्वयं पाक करे। तब सिद्धान्न होने पर रत्नादीप रख कर 'नमो नमस्ते०'

आदि मन्त्र पढ़कर दिशाओंकी रक्षा करे। श्राद्धमें देने योग्य वस्तुके पास जाकर, पूर्वमुख बैठ कर, आचमन कर, अपने ऊपर और श्राद्धसामग्री पर जल छिड़क कर तीन कुशा, तिल और जल लेकर

रक्षादीपं निधाय ॥ नमो नमस्ते गोविन्द ! पुराणपुरुषोत्तम ! ॥ इदं श्राद्धं हृषीकेश ! रक्ष त्वं सर्वतो दिशः ॥ ॐ प्राच्यै नमः ॥ ॐ अवाच्यै नमः ॥ ॐ प्रतीच्यै नमः ॥ ॐ उदीच्यै नमः ॥ ॐअन्तरिक्षाय नमः ॥ ॐभूम्यै नमः ॥ इति दिग्रक्षणं कुर्यात् ॥ श्राद्धदेयानि वस्तून्यासाद्य ॥ पूर्वाभिमुख उपविश्याचम्य ॥ 'अपवित्रः पवित्रो वे'ति आत्मानं श्राद्धसामग्रीं च सम्प्रोक्ष्य ॥ ततः त्रिकुशतिलजलान्यादाय ॥ ॐ अद्यामुकगोत्रस्य पितुरमुप्रेतस्याऽस्थिसञ्चयनिमित्तकमेकोद्दिष्टश्राद्धमहं करिष्ये ॥ ततस्त्रिर्गायत्रीं जपित्वा ॥ ॐ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च ॥ नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो

'अद्य०' पढ़े। तब तीन बार गायत्री जप कर 'ॐ देवताभ्यः' तीन बार पढ़े। तब अपसव्य हो।

मोटक तिल जल लेकर दक्षिण की ओर मुँह कर सव्य जानु से 'अद्याऽमुक०' पढ़कर आसन पर तिल बिखेर कर 'ॐ आयन्तु०' ऐसा मन्त्र पढ़े। तब पुटक में दो कुशपत्र प्रादेशमात्र धरकर

नमः ॥ इति त्रिःपठेत् ॥ ततोऽपसव्यम् ॥ मोटकतिलजलान्यादाय दक्षिणाभिमुखः सव्यं जान्वाच्य ॥ अद्यामुकगोत्र पितरमुकप्रेताऽस्थिसञ्चयननिमित्तकैकोद्दिष्टश्राद्धे इदमासनं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ ॐ अपहता ऽअसुरा रक्षाᳬसि वेदिषदः, इति श्राद्धदेशे तिलान्विकीर्य ॥ ॐ आयन्तु नः पितरः सोम्यासो ऽग्निष्वाताः पथिभिर्देवयानैः ॥ अस्मिन्यज्ञे स्वधया मदन्तोऽधि ब्रुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान् ॥ इति मन्त्रं पठेत् ॥ ततः पुटके कुशपत्रद्वयं प्रादेशमात्रं दक्षिणाग्रं धृत्वा ॥ ॐशन्नोदेवीरभिष्टयऽआपो भवन्तुपीतये ॥ शंय्यो रभिस्रवन्तु नः ॥ इति पुटके जलं क्षिपेत् ॥ ॐ तिलोऽसि सोमदैवत्यो गोसवोदेवनिर्मितः॥

'ॐ शन्नो०' ऐसा कह कर पुटक में जल छोड़े। 'ॐ तिलोऽसि०' पढ़कर तिलों को छोड़े।

गन्ध और पुष्पको चुपचाप छोड़े। तब अर्घपात्र बाएँ हाथमें लेकर पवित्र भोजनपात्रपर उत्तराग्र धरकर उसके ऊपर कुछ जल देकर 'ॐ या दिव्या .' यह मन्त्र पढ़कर मोटक आदि लेकर

प्रत्नमद्भिः प्रक्तः स्वधया पितॄँल्लोकान्प्रीणाहि नः स्वाहा॥इति तिलान्क्षिपेत् ॥ गन्ध-पुष्पे तूष्णीं क्षिपेत् ॥ तदर्घपात्रं वामहस्ते कृत्वा पवित्रे भोजनपात्रे उत्तराग्रं धृत्वा ॥ तदुपरि किञ्चिदुदकान्तरं दत्वा ॥ ॐ या दिव्या ऽआपः पयसा संबभूवुर्याऽअन्तरिक्षाऽउत्पार्थिवीर्याः॥हिरण्यवर्णा यज्ञियास्ता न ऽआपः शिवाः शꣳ स्योना सुहवा भवन्तु॥इति पठित्वा मोटकादीन्यादाय॥ॐअद्याऽमुकगोत्र पितरमुकप्रेताऽस्थिसञ्चयननिमित्तकैकोद्दिष्टश्राद्धे एष हस्तार्घस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ इति पवित्रोपरि जलमुत्सृजेत् ॥ ततः पवित्रादिसहितमर्घपात्रमासनवामपार्श्वे प्रेतस्थानमसि, इत्यधोमुखं स्थापयेत् ॥ ततः चटोपरि गन्धादि

'अद्य०' यह संकल्प पढ़कर पवित्रपर कुछ जल गिरावे। तब पवित्र आदिके सहित अर्घपात्रको अधोमुख करके 'प्रेतस्थानमसि' ऐसा कहकर आसनके बायें बगल रख दे। तदनन्तर चटके ऊपर

चन्दन, पुष्प, धूप आदि चढ़ाकर हाथमें तिल जल आदि लेकर 'अद्याऽमुकगोत्र' यह सङ्कल्पवाक्य पढ़े। तब 'यथा चक्रायुधो' आदि मन्त्र पढ़ता हुआ जलसे भोजनपात्र और आसनके सहित चारों ओर मण्डल करे। फिर घृत, तिल और जल युक्त अन्न लेकर 'ॐ इदमन्नमेतद्भूस्वामि' इस मन्त्रसे

दत्वा मोटकतिलजलान्यादाय॥ अद्य ऽमुकगोत्रपितरमुकप्रेताऽस्थिसञ्चयननिमित्तकैकोद्दिष्टश्राद्धे एतानि गन्धपुष्पधूपदीपताम्बूलयज्ञोपवीतवासांसि ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ ततो जलेन भोजनपात्रासनयोश्चतुर्दिशं मण्डलं कृत्वा ॥
यथा चक्रायुधो विष्णुस्त्रैलोक्यं परिरक्षति॥ एवं मण्डलतोयं तु सर्वभूतानि रक्षतु॥
ततो घृततिलजलयुतमन्नमादाय॥ ॐ इदमन्नमेतद्भूस्वामिपितृभ्योनमः॥ इतिकुशोपरि दक्षिणत उत्सृजेत्॥ ततो हस्ताभ्यां ताम्रपात्रमन्नपूर्णमादाय मनाक्स्थित्वा

दक्षिणकी ओर कुशापर रखदे। इसके बाद अन्नसे भरा हुआ ताम्रपात्र दोनों हाथोंसे उठावे और क्षणभर रुककर पितरोंका ध्यान करता हुआ एक मनुष्यके खाने भर अन्न भोजनपात्रमें

परोसे। फिर दो दोना में घृत तथा जल लेकर रखे, दोनों हाथों से अन्न पर मधु डाले। साथ साथ 'मधुव्वाता' आदि मन्त्र पढ़ता रहे। मन्त्रपाठ के अनन्तर तीन बार 'मधु मधु-मधु' का जप करे।

पितरं ध्यायन्पुरुषतृप्तिस्त्वममन्नं परिविष्यात्॥ पुटकद्वये घृत जलं चोपनीय अन्नोपरि हस्तद्वयेन मधु दत्वा॥ ॐ मधुव्वाता ऋतायते मधुक्षरन्ति सिन्धवः॥ माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः॥ मधुनक्तमुतोषसो मधुमत्पार्थिवꣳ रजः॥ मधुद्यौरस्तु नः पिता॥ मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँऽअस्तु सूर्यः॥ माध्वीर्गावो भवन्तु नः॥ ॐ मधु मधु मध्विति च जपेत्॥ ततो ऽधस्ताभ्यां हस्ताभ्यां पात्रमालभ्य॥ ॐ पृथिवी ते पात्रं द्यौरपिधानं ब्राह्मणस्य मुखेऽमृतेऽमृतं जुहोमि स्वाहा॥ ॐ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्॥ समूढमस्य पाꣳ सुरे स्वाहा॥ ॐ कृष्णकव्यमिदं रक्ष मदीयम्॥ इति पठित्वा॥ ॐ इदमन्नम्॥ ॐ इमा आपः। ॐ इदमाज्यम्॥

तब उलटे हाथोंसे भोजनपात्रका स्पर्श करता हुआ 'ॐ पृथिवी ते पात्रं' आदि मन्त्र पढ़े। तब 'इदमन्नं' कह कर अन्नमें 'इमा आपः' जल की तरफ 'इदमाज्यं' घी की तरफ 'ॐ इदं कविः' कह कर फिर अन्न

कीओरदहिनेअंगूठासेसंकेतकरे।'ॐअपहताऽअसुरा'यह मंत्रपढ़े। तिलभोजनपात्रपरछिड़के बायेंहाथ से भोजनपात्र का स्पर्श किये ही हुए दहिने हाथ में मोटक, तिल, जल आदि लेकर 'ॐअद्यामुक-

ॐ इदं कविरिति पुनरन्ने॥इति दक्षिणाङ्गुष्ठं निवेश्य॥ ॐ अपहता ऽअसुरा रक्षा ꣳसि वेदिषदः॥ इत्यन्नोपरि तिलान्विकीर्य॥ वामहस्तेन पात्रमत्यजन्दक्षिण-हस्तेन मोटकादीन्यादाय॥ अद्याऽमुकगोत्र पितरमुकप्रेताऽस्थिसञ्चयनिमित्तकै-कोद्दिष्टश्राद्धे इदमन्नं सोपकरणं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्॥ इत्युत्सृजेत्॥ ततो गायत्रीं त्रिर्जपेत्॥ ॐ मधुव्वातेति तृचं मधु-मधु-मध्विति च जपेत्॥ अन्नहीनं क्रियाहीनं विधिहीनं च यद्भवेत्॥ तत्सर्वमच्छिद्रमस्तु॥ इति च

गोत्र' यह सङ्कल्प वाक्य पढ़कर मोटक आदि पृथ्वी पर रख दे। सव्य हो तीन बार गायत्रीमन्त्र 'ॐमधुव्वाता'इस ऋचाको पढ़े, और'मधु मधु मधु'का भी जप करे। साथहो'अन्नहीनंक्रियाहीनं'इस

मन्त्रको भी जपे। तदनन्तर कुशाओंपर बैठकर फिर तीनबार गायत्रीका जप करे। 'मधुव्वाता' यह ऋचा और 'मधु मधु मधु' इसको भी जपे। तब 'ॐकृणुष्व पाजः' आदि पाँच रक्षोघ्नीसूक्तों

जपेत् ॥ ततः कुशेषूपविश्य गायत्रीं त्रिर्जपेत् ॥ मधुव्वातेति त्र्यृचं मधु मधु
मध्विति च जपेत् ॥ ततो रक्षोघ्नोसूक्तं जपेत् ॥ ॐ कृणुष्व पाजः प्रसितिन्न
पृथ्वीं याहि राजेवामवाँ२ ऽइभेन ॥ तृष्वीमनु प्रसितिन्द्रूणानो स्तासि ऽविद्धय
रक्षसस्तपिष्ठैः ॥१॥ तव कामास ऽआशुया पतन्त्यनुस्पृश धृषता शोशुचानः॥
तपूᳪ ष्यग्ने जुह्वा पतङ्गा न सन्दितो व्विसृज विष्वगुल्काः ॥२॥ प्रति
स्पशो विसृज तूर्णितमो भवा पायुर्व्विशो ऽअस्या ऽअदब्धः॥ यो नोदूरेऽअघशᳪ
सो यो ऽअन्त्यग्ने मा किष्टे व्यथिरादधर्षीत् ॥३॥ उदग्ने तिष्ठ प्रत्या तनुष्व
३ न्न्यमित्राँ२ ॥ ऽओषतात्तिग्महेते ॥ यो नो ऽअरातिᳪ समिधान चक्रे नीचा

का पाठ करे। तब 'उदीरितामवर' इस मन्त्र को, 'सहस्रशीर्षा' आदि पुरुषसूक्त के १६ मन्त्र 'आशुः शिशान' आदि १२ मन्त्र, इनके अतिरिक्त और भी बहुतसे पवित्र मंत्रोंका अपनी शक्ति

अनुसार पाठ करे। इसी क्रम से 'नमस्तुभ्यं विरूपाक्ष !" इस श्लोकका भी पाठ करे। तदनन्तर

तन्धक्ष्यतसन्न शुष्कम्॥४॥ऊर्ध्वो भव प्रतिविद्धयास्मदाविष्कृणुष्व दैव्यान्न्यग्ने अव स्थिरा तनुहि यातु जूनाञ्जामिमजामिम्प्रमृणीहि शत्रून् ॥ इति रक्षोघ्नी-सूक्तम् ॥ ॐ उदीरतामवर ऽउत्परास ऽउन्नमध्यमाः पितरः सोम्यासः असुँ ऽ य-ईयुरवृका ऽऋतज्ञास्ते नोवन्तु पितरो हवेषु ॥ इति पितृमन्त्रम् ॥ पुरुषसूक्तम् सहस्रशीर्षा १६ मन्त्राः ॥ अप्रतिरथम् ॥ आशुः शिशान१२मन्त्रान् ॥ अन्यानि पवित्राणि यथाशक्ति च जपेत् ॥ नमस्तुभ्यं विरूपाक्ष! नमस्तेऽनेकचक्षुषे ! ॥ नमः पिनाकहस्ताय वज्रहस्ताय वै नमः ॥ इति श्लोकं च पठेत्॥ तत उच्छिष्टस-न्निधावास्तृतकुशत्रयीं भूमिं जलेन प्रोक्ष्य, तिलघृतसहितमन्नं जलेनाऽऽप्लाव्य ॥ ॐ अग्निदग्धाश्च ये जीवा येऽप्यदग्धाः कुले मम ॥ भूमौ दत्तेन तृप्यन्तु तृप्ता

भोजनपात्रके पासकी कुशाओंसे ढंकी भूमिको जल से सींचे और तिल घृतयुक्त अन्नको जलसे गीला करके 'ॐ अग्निदग्धाश्च ये जीवा' यह मन्त्रपढ़ता हुआ कुशापर अन्न रखे। अपसव्य हो।

जाय। आचमन, प्राणायामकरके भगवान्‌का स्मरणकरे। यह करके फिर अपसव्य हो जाय। तब भोजनपात्रके समीप पिण्डदानके निमित्त मिट्टीके वेदीके मध्यमें एक बालिश्त नापकर बायेंहाथ से सटे हुए दहिने हाथ से 'ॐ अपहता ऽअसुरा' यह मन्त्र पढ़ता हुआ कुश के मूलभाग से

यान्तु पराङ्गतिम् ॥ इति कुशोपरि अन्नं विकिरेत् ॥ ततः सव्यम् ॥ आचम्य प्राणानायम्य हरिं स्मृत्वा ॥ अपसव्यम् ॥ भोजनपात्रसमीपे पिण्डदानार्थं मृद्वेदिकाया मध्ये प्रादेशमात्रं परिमाय वामान्वारब्धदक्षिणहस्तेन ॥ ॐ अपहता ऽअसुरा रक्षाᳬसि वेदिषदः ॥ इति कुशमूलेन रेखाकरणम् ॥ दर्भपिञ्जुलीमुत्तरस्यां दिशि क्षिपेत् ॥ रेखोपरि अङ्गारं भ्रामयित्वा ॥ ॐ ये रूपाणि प्रतिमुञ्चमाना ऽअसुराः सन्तः स्वधया चरन्ति ॥ परापुरो निपुरो ये भरन्त्यग्निष्टाँल्लोकात्प्रणुदात्यस्मात् ॥ इत्यङ्गारं दक्षिणतस्त्यजेत् ॥ ततो रेखोपरि

एक रेखा खींचे। उस कुश की पिंजुली को उत्तर दिशामें फेंक दे। तब 'ये रूपाणि प्रतिमुञ्च' इस मन्त्रको पढ़ता हुआ उन रेखाओं पर आग का अङ्गारा घुमाकर दक्षिण ओर रख दे। तब

जिनकी जड़ काट डाली गयी है, ऐसी कुशाओं को रेखा के ऊपर बिछा कर सव्य हो जाय 'देवताभ्यः पितृभ्यश्च' इस मन्त्रको तीनबार जपे। फिर अपसव्य हो जाय। एक दोनेमें तिल, जल, चन्दन तथा पुष्प डालकर उसे बायें हाथमें रखे और दहिने हाथमें मोटक आदि लेकर 'ॐ

छिन्नमूलान्कुशानास्तीर्य सव्यम् ॥ 'ॐ देवताभ्यः' इति त्रिर्जपेत् ॥ ततोऽपसव्यम् ॥ पुटके तिलजलगन्धपुष्पाणि क्षिप्त्वा पुटकं वामहस्ते कृत्वा दक्षिणहस्ते मोटकादीन्यादाय ॥ ॐ अद्यामुकगोत्र पितरमुकप्रेताऽस्थिसञ्चयननिमित्तकैकोद्दिष्टश्राद्धपिण्डस्थानेऽत्रावने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ इति कुशोपरि अवनेजनजलं किञ्चिद् दद्यात् ॥ किञ्चिदग्रे धारयेत् ॥ ततो घृत-मधु-तिलयुक्तेनाऽन्नेन पिण्डं निर्माय मधुघृताभ्याममभिघार्य मोटकादीन्यादाय ॥ अद्याऽमुकगोत्र पितरमुकप्रेताऽस्थिसञ्चयननिमित्तकैकोद्दिष्टश्राद्धे एष

अद्यामुक गोत्र' आदि पढ़ता हुआ कुशापर थोड़ा सा अवनेजन जल डाले और थोड़ा जल आगे रख दे। तब घृत, मधु, तिल युक्त अन्न से पिण्ड बनावे। उसमें मधु और घृत लगाकर

मोटक आदि लेकर 'अद्यामुक गोत्र' आदि सङ्कल्पवाक्य पढ़कर बायें हाथसे छुये हुये दहिने हाथ से पिण्ड दे। तब वेदी पर बिछे कुशोंमें हाथ पोंछ कर सव्य हो जाय। आचमन करके फिर अप-

पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ इति कुशोपरि वामान्वारब्ध-दक्षिणहस्तेन पिण्डं दद्यात् ॥ तत आस्तृतदर्भमूले करं प्रोञ्छ्य ॥ सव्यं कृत्वा आचम्य ॥ अपसव्यम् ॥ ॐ अत्र पितरो मादयस्व यथाभागमावृषायस्व ॥ उत्तराभिमुखीभूय श्वासं नियम्य पितरं भास्वरमूर्तिं ध्यायन् ॥ अमी मदन्त पिता यथाभागमावृषायिषत् ॥ ततः पूर्वदत्तावशिष्टाऽवनेजनपात्रमादाय मोटकादीनि चादाय ॥ ॐ अद्याऽमुकगोत्र पितरमुकप्रेताऽस्थिसञ्चयननिमित्तकैकोद्दिष्टश्राद्धपिण्डेऽत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ ततो नीवीं विस्रंस्य ॥

सव्य हो जाय। 'ॐ अत्र पितरो मादयस्व' यह मंत्र पढ़ता हुआ उत्तर दिशामें मुख करके और श्वास रोक कर देदीप्यमान मूर्तिधारी पितरका ध्यान करता हुआ 'अमी मदन्त पिता' यह मंत्र पढ़े। तब पूर्व में बचे अवनेजन पात्र तथा मोटक आदि को लेकर 'ॐ अद्यामुक गोत्र' आदि

वाक्य कहे । इसके बाद नीवी ढीली करके सव्य हो आचमन तथा हरिस्मरण करे । फिर अप-सव्य हो कर बायें हाथ से सूत्र उठाकर दहिने हाथ में ले और 'एतत्ते पितर' यह मन्त्र पढ़कर

ततः सव्यमाचम्य हरिं स्मृत्वा ॥ अपसव्यं कृत्वा ॥ वामहस्तेन सूत्रमादाय दक्षिणहस्ते धृत्वा उभाभ्यां हस्ताभ्यां'ॐएतत्तो पितर्वासः' इति पिण्डोपरि सूत्रं दद्यात् ॥ मोटकादीन्यादाय ॥ ॐ अद्यामुकगोत्र पितरमुकप्रेताऽस्थिसञ्चयन-निमित्तकैकोद्दिष्टश्राद्धपिण्डे एतद्वासस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ ततः पिण्डे गन्ध-पुष्प-धूप-दीप-ताम्बूलानि दत्वा, पिण्डशेषाऽन्नं पिण्डसमीपे विकिरेत् ॥ ॐ शिवा आपः सन्तु । ॐ सौमनस्यमस्तु ॥ अक्षतं चारिष्टमस्तु ॥

दोनों हाथोंसे पिण्डके ऊपर सूत्र चढ़ावे । तब मोटक आदि हाथ में लेकर 'अद्यामुक गोत्र' यह सङ्कल्प वाक्य पढ़े । इसके अनन्तर पिण्ड पर गन्ध, पुष्प, धूप, दोप और ताम्बूल आदि चढ़ाकर बाकी बचे अन्न को पिण्ड के समीप में रक्खे । 'ॐ शिवा आपः सन्तु' 'ॐ सौमनस्यमस्तु' ॐ 'अक्षतं चारिष्टमस्तु' इन मन्त्रों का उच्चारण करके भोजनपात्र पर दे, मोटक आदि लेकर

'अद्यामुक' यह वाक्य पढ़कर मोटक आदि जमीन पर रख दे। तब सव्य होकर दक्षिण दिशाकी ओर देखता हुआ 'ॐ अघोरः पिताऽस्तु' कह कर पिण्ड पर ऐसी जलधारा दे कि जिसका अग्रभाग पूर्व की तरफ रहे। तदनन्तर पूर्वाभिमुख हो हाथ जोड़ कर प्रार्थना करता हुआ 'गोत्रन्नो

इत्यन्न पात्रे दत्वा मोटकादीन्यादाय ॥ अद्यामुकगोत्रस्य पितुरमुकप्रेतस्याऽस्थिसञ्चयननिमित्तकैकोद्दिष्टश्राद्धे दत्तैतदन्नपानादिकमुपतिष्ठताम्। इत्युत्सृजेत् ॥ सव्यं कृत्वा दक्षिणो दिशं पश्यन् ॥ ॐ अघोरः पिताऽस्तु ॥ इति पिण्डोपरि पूर्वाग्रां जलधारां दद्यात्॥ ततः पूर्वाभिमुखः, ॐगोत्रन्नो वर्द्धतां दातारी नोऽभिवर्द्धन्तां वेदाः सन्ततिरेव च॥ श्रद्धा च नो माव्यगमद्बहुदेयं च नोऽस्तु ॥ अन्नं च नो बहु भवेदतिथींश्च लभेमहि ॥ याचितारश्च नः सन्तु मा च याचिष्म

वर्द्धतां-सन्तु०' यह वाक्य कहे। तब पवित्री समेत कुशाओं को दक्षिणाग्र करके पिण्ड पर रख कर 'ऊर्जं' वहन्ती यह मन्त्र पढ़ता हुआ दक्षिण को अग्रभाग करके जलधारा दे। तब पिण्ड को सूंघकर उठावे। उन कुशाओं को जिन पर पिण्ड रखा था और अङ्गारा

जो कि रेखा पर घुमाकर दक्षिण में रक्खा है दोनों को अग्नि में डाल दे। उलट कर रखे हुए अर्घपात्र को सीधा कर दे और मोटक, तिल, जल आदि लेकर 'अद्यामुकगोत्रस्य'

कश्चन ॥ एताः सत्याः आशिषः सन्तु ॥ ततोऽपसव्यम् ॥ पिण्डोपरि सपवित्र-कुशान्दक्षिणाग्रमास्तीर्य्य ॥ ॐऊर्ज्जम्वहन्तोरमृतं घृतम्पयः कीलालम्परिस्रुतम् ॥ स्वधास्थ तर्प्पयत मे पितरम् ॥ इति कुशोपरि दक्षिणाग्रां जलधारां दद्यात् ॥ तत पिण्डमाघ्रायोत्थापयेत् ॥ पिण्डाधारकुशानुल्मुकञ्च वह्नौ क्षिपेत् ॥ अर्घपात्र-मुत्तानीकृत्य मोटकादीन्यादाय ॥ अद्यामुकगोत्रस्य पितुरमुकप्रेतस्य कृतैत-दस्थिसञ्चयननिमित्तकैकोद्दिष्टश्राद्धप्रतिष्ठार्थमिदं दक्षिणाद्रव्यं यथानामगोत्राय ब्राह्मणाय दक्षिणां दातुमहमुत्सृजे ॥ इति दक्षिणां दद्यात् ॥ ततः सव्यं कृत्वा ॥ 'ॐदेवताभ्यः—' इति त्रिर्जपेत् ॥ अपसव्यम् ॥ रक्षादीपं निर्वाप्य, हस्तौ ॥ १६ ॥

आदि सङ्कल्पवाक्य पढ़कर ब्राह्मणको दक्षिणा दे। फिर सव्य हो जाय और 'ॐ देवताभ्यः' इस मन्त्रको तीन बार पढ़े। फिर अपसव्य हो रक्षादीप को बुझाकर हाथ पाँव धो डाले। फिर

सव्य होकर आचमन करे। और 'प्रमादात् कुर्वतां' यह वाक्य पढ़ता हुआ श्राद्ध की सभी वस्तुएँ ब्राह्मण को दे दे या जल में फेंक दे। तदनन्तर पुत्र आदि भाई बन्धुओं के साथ स्नान करके धुले हुए वस्त्र पहने। तब अपनी जाति के अनुसार विविध प्रकार फल-मूल आदि

पादौ प्रक्षाल्य ॥ सव्यमाचम्य ॥ प्रमादात्कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत् ॥ स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः ॥ श्राद्धीयवस्तूनि ब्राह्मणाय प्रतिपादयेत् ॥ अम्भसि वा क्षिपेत् ॥ ततः पुत्रादि ज्ञातिबन्धुमिलितस्नातः सुधौतवाससी परिधाय ॥ ततो नानाविधफलमूलादिभिः स्वजात्यनुरूपैरष्टौ पात्राणि पूरयित्वा ॥ गन्धपुष्पधूपदीपादिकं गृहीत्वा श्मशानसमीपमागत्य कैश्चित्पुष्पैः कैश्चिद्भोजनैः कैश्चिद्धूपैः कैश्चिद्दीपैः कैश्चित्पानीयैः कैश्चिदक्षतैः सर्वाणि निवे-

से आठ पात्रों को भर कर गन्ध, पुष्प, धूप, दीप आदि सामग्री लेकर श्मशानभूमि पर जाय। वहाँ कुछ लोग पुष्प, कुछ भोजन, कुछ धूप, कुछ दीप, कुछ माल्य, कुछ पानी और कुछ अक्षत, यह सब उस भूमि को निवेदन करे। इसके बाद कुछ लोग निरहंकार भाव से चारों दिशाओं

में चौतरफा जल आदि के चार पात्र निवेदन करें और प्रथम चिता के उत्तर द्वार के समीप

दयेत् ॥ कैश्चिन्निरहङ्कारयुक्तैः समन्ततश्चतुर्दिक्षु चतुर्षु अन्नादिपात्रेषु निवेदितेषु ॥ प्रथमं चितायां उत्तरद्वारसमीपे उपविश्य ॐ नमः क्रव्यादमुख्येभ्यो देवेभ्य इति सर्वदा ॥ येऽस्मिन् स्मशाने देवाः स्युर्भगवन्तः सनातनाः ॥ तेऽस्मत्सकाशाद्गृह्णन्तु बलिमष्टाङ्गमक्षयम् ॥ प्रेतस्याऽस्य शुभाँल्लोकान्प्रयच्छन्तु च शाश्वतान् ॥ अस्माकमायुरारोग्यं सुखं च ददतां वरम् ॥ इति पठित्वा ॥ ॐ एषोऽष्टाङ्गबलिः शङ्करादिदेवताभ्यो नमः, इत्येकं बलिं दत्वा ॥ एवं अपरद्वारेषु बलिं दद्यात् ॥ तान् वलीन्क्षीरेणाऽभ्युक्ष्य शङ्करादि-देवताः स्वीय-

बैठकर 'ॐ नमः क्रव्यादमुख्येभ्यो' आदि वाक्य पढ़े । तब 'ॐ एषोऽष्टाङ्गबलिः' यह मंत्र पढ़कर एक बलि दे । इसी तरह और द्वारों पर भी बलि देनी चाहिए । तदनन्तर उन बलियों को दूध से स्नान कराकर 'शङ्करादि देवताः' यह वाक्य कह कर देवताओं का विसर्जन करे । बलि

स्नान कराने पर भी जो दूध बचा हो उसे चिता की हड्डियों पर डाल दे। फिर शमी और पलाश की दो लकड़ियों से पहले मस्तक की हड्डी निकाले उसे घी से तर करके सुगन्धित जल से सींचे। फिर अपसव्य होकर दहिने हाथ के अँगूठे तथा कनिष्ठिका उँगली से उठावे तब

स्वीयस्थानं गच्छन्तु, इति देवताः विसृज्य ॥ अवशिष्टक्षीरेण वाग्यतः चितास्थान्यस्थीनि अभ्युक्ष्य प्रथमं शिरोऽस्थीनि शमीपलाशशाखाभ्यामुद्धृत्याऽऽज्येनाऽभ्युक्ष्य गन्धवारिणा च सिक्त्वा कृताऽपसव्यो दक्षिणाङ्गुष्ठकनिष्ठाभ्यां गृहीत्वा ततोऽन्यानि अस्थीनि गृहीत्वा पञ्चगव्येन सुगन्धवारिणा च सिक्त्वा ॥ पलाशपुटके निक्षिप्य क्षौमवस्त्रेण संवेष्ट्य मृण्मये नूतनभाण्डे साच्छादने निदध्यात् ॥ तद्भाण्डमरण्ये वृक्षमूले वा पङ्क-शैवालयुतगर्ते वा निभृतं निर्वासयेत् ॥ चिता-

औरो और अंगों की हड्डिये बटोर कर उन्हें पञ्चगव्य तथा सुगन्धित जल से सींचे, तब उन हड्डियों को पलाश के दोने में रखे और रेशमी कपड़े से लपेट कर मिट्टी के नये बर्तन में रखकर बर्तन को ढाँक देवे। फिर उस बर्तन को जंगल में किसी वृक्ष की जड़ में अथवा कीचड़ और सेवार

से युक्त किसी गड्ढे में चुपचाप रख दे। चिता की राखी आदि जल में फेंक दे। तब गोबर से उस जमीन को लिपवा कर चिता की भूमि शुद्ध करके और पहले की तरह चारों दिशाओं में शंकर आदि देवताओं को बलि दे। तब उन देवताओं का विसर्जन करे और बलि का अन्न जल

भस्मादितोये विनिःक्षिपेत् ॥ गोमयाऽम्बुभिश्चिताभूमिशुद्धिं विधाय पूर्ववच्चतुर्दिक्षु शङ्करादिदेवताभ्यो बलिं दद्यात् ॥ तान्विसृज्य बल्यन्नमम्भसि क्षिपेत् ॥ ततश्चिताभूमेराच्छादनार्थं वृक्षः पुष्करकः पट्टको वा कारयितव्यः ॥ (पुष्करकः=इष्टकानिर्मितं देवकुटकाकारं गृहम्) ततः सचैलो बन्धुभिः सह स्नायात् ॥ अथ कैश्चित्पुत्रपौत्रसहोदरादिभिर्गङ्गातीरमस्थीनि नीत्वा स्नात्वा तान्यस्थीनि पञ्चगव्येन प्रोक्ष्य हिरण्य-मध्वाज्यतिलैः संयोज्य मृत्पिण्डपुटे

में फेंक दे। तदनन्तर चिता की भूमि को ढाँकने के लिए उस स्थान पर वृक्ष लगा दें, देवालय के समान कोई घर बना दे या चबूतरा ही बनाकर छोड़ दे। तब अपने बान्धवों के साथ कपड़ों सहित स्नान करे। कुछ लोगों का यह मत है कि पुत्र, पौत्र तथा भाई आदि के साथ उन

हड्डियोंको गङ्गाके तीर लेता जाय। वहाँ स्नान करे। फिर हड्डियों पर पञ्चगव्य डाले। तब सुवर्ण मधु, घृत तथा तिल रख कर उन्हें मिट्टी के नाँद में डालकर दक्षिण ओर निहारता और ॐ 'नमोऽस्तु धर्माय' यह वाक्य कहता हुआ जलमें जाय और मृत व्यक्ति का ख्याल किये हुए उसकी स्वर्गकामना करता हुआ 'स मे प्रीतः' कहकर गङ्गाजीमें डाल दे। तब स्नान करे और खड़ा होकर

निधाय दक्षिणां दिशं पश्यन् ॥ 'ॐ नमोऽस्तु धर्माये'ति वदन् जलं प्रविश्य प्रेतो गतः स्वर्गकामो दक्षिणाभिमुखः 'स मे प्रीतः' इत्युक्त्वा गङ्गाम्भसि क्षिपेत्॥ ततः स्नात्वा उत्थाय सूर्यं पश्येत् ॥ तत आचम्य॥ अद्य कृतैतदस्थिप्रक्षेपप्रतिष्ठार्थं इदं हिरण्यमग्निदैवतं यथानामगोत्राय ब्राह्मणाय दक्षिणां दातुमहमुत्सृजे ॥ इति दक्षिणां दद्यात् ॥ एवं कृते प्रेतपुरःस्थितस्य, स्वर्गे गतिः स्यात्तु महेन्द्रतुल्या ॥ यावदस्थि मनुष्यस्य गङ्गातोयेषु मज्जति ॥ तावद्वर्षस-

सूर्य की ओर देखे। फिर आचमन करे और 'अद्य कृतैतदस्थि' यह संकल्पवाक्य पढ़कर ब्राह्मण को दक्षिणा दे। प्रेत का उत्तराधिकारी यदि प्रेत की हड्डियें गंगाजी में डालता है तो प्रेत स्वर्ग

गामी होकर इन्द्र के समान हो जाता है। जितने वर्षों तक जिस मृत मनुष्य की हड्डी गंगाजी में डूबी रहती है, वह मनुष्य उतने ही हजार वर्षों तक स्वर्गलोक में पूजा जाता है। जिस धर्मात्मा की हड्डियें गंगाजी में पड़ जाती हैं, वह कभी भी ब्रह्मलोक से नहीं लौटता, सदा वहीं रहता है। गौडपादाचार्य कहते हैं कि–दस दिनके भीतर ही जिसकी हड्डियें गंगाजीमें पहुँच जाती हैं तो जो

हस्राणि स्वर्गलोके महीयते ॥ गङ्गातोये तु यस्याऽस्थि प्लवते शुभकर्मणः ॥ न तस्य पुनरावृत्तिर्ब्रह्मलोकात्कथञ्चन ॥ गौडाः ॥ दशाह्वाभ्यन्तरे यस्य गङ्गा-तोयेऽस्थि मज्जति ॥ गङ्गायां मरणे यादृक् तादृक् फलमवाप्नुयात् ॥ ब्रह्मपु-राणे ॥ मातुः कुलं पितृकुलं वर्ज्जयित्वा नराधमः ॥ अस्थीन्यन्यकुलोत्थानि नीत्वा चान्द्रायणं चरेत् ॥ अथ पर्णशरदाहः ॥ अथाऽऽचारान्निरग्नेरप्यस्थि-

फल गंगाजीमें मरनेका होता है वही फल गंगामें हड्डी फेकनेमें भी होता है। ब्रह्मपुराण कहता है कि–कोई मनुष्य यदि मातृकुल तथा पितृकुलके अतिरिक्त और किसी कुलकी हड्डियें उठाता है तो वह चा-न्द्रायण व्रत करने पर शुद्ध होता है। अब पर्णशरदाह का विधान बताते हैं। आचारानुसार निरग्निक याने जो अग्निहोत्री नहीं उनका भी पर्णशरदाह किया जा सकता है। यदि दहन करने योग्य शरीर

न प्राप्त हो सके, याने परदेशमें कोई का मृत्यु हो और पुत्र आदि का शरीर न मिले, कोई फूँक दिये हो अथवा चेचक आदि से मृत्यु भयी हो तो गाड़ दिया जाय तो बाद में उसकी हड्डियों को निकाल कर घीसे तर कराके और वस्त्रसे लपेटकर पूर्वोक्त विधिसे जलावे। यदि हड्डियें भी न मिल सकें तो तीन सौ साठ (३६०) पलाशपत्र से पुरुष बनाकर 'असौ स्वर्गाय लोकाय स्वाहा'

पर्णशरदाहः॥ दाह्यशरीरालाभे तदस्थि घृतेनाभ्यज्य वस्त्रेणाच्छाद्य दहेत्पूर्ववत्॥ अस्थ्यलाभे षष्ठ्यधिकपलाशपत्रशतत्रयेण[३६०] पुरुषाकृतिं विन्यस्य। ॐ असौ स्वर्गाय लोकाय स्वाहा॥ इति दहेत्॥ प्रथमतः शिरो निवेश्य शरखण्डद्वयेन जङ्घाद्वयं कृष्णसारचर्मोपरि ऊर्णासूत्रैर्ग्रथितैः पलाशपत्रैर्वृतैर्वाऽऽवेष्ट्य शिरः यवचूर्णेन विलिप्य कृष्णसारचर्मणाऽऽच्छाद्य पूर्ववद्दहेत् (तद्विन्यासप्रकारः) शिरस्यशीत्यर्द्धं[४०] देयाद् ग्रीवायां च दशैव[१०] तु॥ बाह्वोश्चैव

कहकर जला दे। पुरुष निर्माण करते समय पहले नारियलसे सिर बनाकर दो सरपत से दोनों जंघायें बनावें। यह पुरुष मृगचर्मपर बनाकर ऊनके सूत्र या पलाशके पत्तोंसे लपेटकर उस पुरुष का माथा जौ के पिसान से लपेटे और ऊपर से भी मृगचर्म ओढ़ाकर पूर्वोक्त विधि से जलावे।

पुरुष के बनाने की विधि यह है कि—मस्तक में चालीस पत्र, गले में दस पत्ते, दोनों बाहुओं में सौ पत्र, उँगलियों में दस पत्र, छाती में तीस पत्र, पेट में बीस पत्र, लिङ्ग में चार पत्र, तीन-तीन दोनों अण्डकोशों में, दोनों घुटनों में सौ पत्र, जानु तथा जंघा में तीस पत्र और पैर की उँगलियों में दस पत्र देना चाहिए। इस तरह पर्णनिर्मित मनुष्य का दाह करने पर केवल

शतं[१०] दद्यादङ्गुलीषु तथा दश[१०] ॥ उरसि[३०] त्रिंशतं दद्याद्विंशतिं[२०] जठरे तथा ॥ अष्टार्द्धं[४] शिश्नके दद्याद्द्वादशार्द्धं[६] मुष्कयोस्तथा ॥ ऊर्वोश्चैव शतं[१००] दद्यात् त्रिंशत[३०] जानुजङ्घयोः॥ पादाङ्गुलीषु दश[१०] वै एतत्पत्रविकल्पनम्॥ एवं पर्णनरं दग्ध्वा त्रिरात्रमशुचिर्भवेत् ॥ तत्राऽशौचान्तपूर्वदिने सर्वेषां रजकद्वारा वस्त्र-शुद्धिं कारयित्वा ॥ अशौचान्तदिवसे गृहशुद्धिं कृत्वा मृण्मयभाण्डानि

तीन दिन का अशौच रहता है। जिस दिन अशौच समाप्त होनेवाला हो उसके एक दिन पहले सभी बान्धव धोबी से अपने अपने कपड़े धुला लें। फिर अशौच समाप्त होनेवाले दिन सब घर लीप पोतकर साफ करे। घर में जितने मिट्टी के बर्तन हों, उन्हें निकाल डाले। फिर सभी बान्धवों

के साथ नदी तथा जलाशय पर जाकर स्नान करे। उसी रोज दसवाँ पिण्डदान करे। फिर जलाशयके तट पर केश, लोम और नखोंको कटवाकर तिलका तेल लगावे और सफेद सरसों के उबटन से माथा मलकर स्नान करे। प्रेत से स्पर्श किया हुआ कपड़ा नाई को दे दे। तब आचमन करके एक जोड़ा कपड़ा जो कि फटा न हो अर्थात् नया हो और नया न हो तो भी

त्यक्त्वा स्नात्वा दशमं पिण्डं दत्त्वा बहिरुदकान्ते केशलोमनखान्यथायोग्यं वापयित्वा तिलतैलेनाङ्क्त्वा गौरसर्षपकल्केन शिरश्चोन्मृज्य स्नात्वा प्रेतस्पृष्टवासांसि नापिताय दद्यात् ॥ अथाऽऽचम्य वाग्यतो वासो युग्महतं नवं शुद्धं पुरातनं वा युक्तमव्रणं परिधाय ॥ अश्मा विष्टो गां सुवर्णं गोरोचनं दधि-दूर्वा-सितसर्षपान् ब्राह्मणोऽग्निं क्षत्रियो वाहनायुधौ वैश्यः प्रतोद-प्रग्रहौ शूद्रो यष्टिं संस्पृश्य मङ्गलानि सङ्कीर्तयन् ब्राह्मणान् स्वस्ति वाचयित्वा गृहं

शुद्ध, जोड़ से रहित और छेदा न हो तो पुराना ही वस्त्र लेकर पहने। फिर श्राद्ध कर्ता तथा उसके साथी क्षण भर पत्थर पर बैठें और गौ, सुवर्ण, गोरोचन, दही, दूब, सफेद सरसों छुवें।

इनके अतिरिक्त ब्राह्मण अग्नि, क्षत्रिय वाहन तथा शस्त्र, वैश्य चाबुक और पगहा तथा शूद्र छड़ी का स्पर्श कर मंगलवाक्यों का उच्चारण करता हुआ अथवा ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन कराके घरके भीतर जाय। इस दिन ब्राह्मण पंचगव्यपान करते हैं यह रीति है। पराशर का मत

प्रविशेत्। अत्र दिने ब्राह्मणाः पञ्चगव्यपानं कुर्वन्तीति समाचारः॥ दशमेऽहनि सम्प्राप्ते स्नानं कुर्याद्बहिर्जले॥ तत्र त्याज्यानि वासांसि केशश्मश्रुनखानि च, इति पराशरः। तत्र सामुद्रसैन्धवलवणानि यवमुद्गकल्माषगोक्षीरदधिघृतखण्डान्यश्नीयात्। मधुमांसस्त्रीवर्जिता भवेयुः। सपिण्डा एकवारं भुञ्जीयुः॥ इति नियमाः॥ अथ दशगात्रश्राद्धारम्भः॥ तत्रादौ पुत्राद्यधि-

है कि दसवें दिन गाँवसे बाहर जलमें स्नान करे। वहीं पर अपना कपड़ा त्याग दे और केश, दाढ़ी, मोछ, और नाखून वहीं कटवा डाले। उस दिन सामुद्र लवण या सेंधा लवण, यव, मूँग, उरदी, गौका दूध, दही, घी, खांड़ इत्यादि भोजन करे और मधु, मांस,तथा स्त्रीसे पृथक् रहें। सपिंडके लोग एकबार भोजन करें। यहनियम कहा गया। अब दशगात्रकी विधि बताते हैं। उसमें सर्वप्रथम

कर्तव्य यह है कि प्रेतके पुत्र आदि अधिकारी हाथ में दंड लिये मिट्टी के बर्तन में जल लेकर गाँव से बाहर किसी देवस्थान पर, घर के दरवाज़े पर या किसी नदी के तट पर पिण्ड दान देने का निश्चय करें। निश्चित स्थान की ईशान दिशा में आग जलावे। फिर दो पसर चावल धोकर अपने हाथसे खीर पकावे। फिर ऐसी जगह कि जहाँ की जमीन दक्षिणकी ओर ढालू हो

कारिणो लगुडमादाय मृण्मये नूतनभाण्डेन जलमानीय ग्रामाद्बहिर्देवतायतने गृहद्वारि शुचितीरे वा पिण्डदानादैशान्यां दिशि अग्निं प्रज्वाल्य तण्डुलप्रसृतिद्वयं प्रक्षाल्य सुश्रृतं स्वयं पचेत्। ततो दक्षिणप्रवणे भूभागे गोमयोपलिप्ते गौरमृत्तिकया पिण्डार्थं दक्षिणप्रवणं स्थानं निर्माय, आचान्तः कृताऽपसव्यो दक्षिणाभिमुखः पातितवामजानुः पिण्डस्थानोपरि दक्षिणाग्रं कुशत्रयमास्तीर्य पुटकादौ तिल-जल-गन्ध-पुष्पाणि प्रक्षिप्य तत्पात्रं वामहस्ते कृत्वा मोटकतिल-

उसे गोबरसे लिपवाकर सफेद मिट्टीसे दक्षिणको ढालू बेदी बनावे। तब आचमनकर अपसव्य हो दहिना घुटना मोड़कर दक्षिणकी ओर मुख करके बैठे। बेदी पर दक्षिण को अग्रभाग कर

के तीन कुश बिछावे। दोने या कसोरेमें तिल, जल, गन्ध, पुष्प डालकर बायें हाथमें वह पात्र तथा मोटक, तिल और जल लेकर 'अद्यामुक गोत्र' यह वाक्य पढ़कर वेदीपर बिछीहुई कुशाओं पर अवनेजन जल डाले। इसके बाद तिल, घृत और मधुसे युक्त और दुग्धसे सिक्त गरमपिण्ड

जलान्यादाय ॐ अद्यामुकगोत्र पितरमुकप्रेत शिरःपूरकप्रथमपिण्डस्थानेऽत्रा-वने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ इति कुशोपरि अवनेजनं दद्यात् ॥ ततस्तिल-घृत-मधुयुक्तं दुग्धसिक्तं तप्तमेव पिण्डमादाय मोटक–तिल–जलानि चादाय, ॐ अद्यामुकगोत्र पितरमुकप्रेत एष शिरःपूरकप्रथमपिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्। इति कुशोपरि अवनेजनस्थाने पिण्डं दद्यात् ॥ ततः प्रत्यवनेजनम्। पूर्वदत्ताऽवशिष्टाऽवनेजनपात्रमादाय मोटकतिलजलानि

तथा मोटक, तिल और जलको हाथ में लेकर 'अद्यामुकगोत्र' यह वाक्य पढ़कर वेदी पर उस जगह रखे जहाँ कि पहले अवनेजन जल डाला था। तब पूर्व में अवनेजन देने से कुछ अवशिष्ट जलयुक्त पात्र तथा मोटक तिल जल लेकर 'अद्यामुक गोत्र' यह वाक्य पढ़कर पिण्डपर जलडाल

दे। तत्पश्चात् प्रेत के निमित्त चुपचाप पिण्ड के ऊपर खस, चंदन, भृङ्गराजपत्र, पुष्प, धूप, दीप, पान, सोपाड़ी और ऊन का सूत चढ़ाकर मोटक, तिल, जल हाथ में लेकर 'अद्यामुक गोत्र' आदि वाक्य पढ़े।

चादाय। अद्यामुकगोत्र पितरमुकप्रेत शिरःपूरकप्रथमपिण्डेऽत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्। इति पिण्डोपरि दद्यात्॥ ततः प्रेतमुद्दिश्य तूष्णीं एव गन्धपुष्पखशभृङ्गराजपत्रराल धूपदीपताम्बूलपूगीफलऊर्णातन्तुमयबहुवस्त्राणि पिण्डे दद्यात्॥ अद्यामुकगोत्र पितरमुकप्रेत शिरःपूरकप्रथमपिण्डे एतानि ऊर्णासूत्रोशीरचन्दनभृङ्गराजपत्रराल धूपदीपादीनि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्। ततो यावद्बाष्पं निःसरति तावत्पिण्डाभिमुखस्तिष्ठेत्॥ ततोऽपसव्यादिनैव। अद्याऽमुकगोत्र पितरमुकप्रेत शिरःपूरकप्रथमपिण्डे एष तिलतोयाञ्जलिस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्। इत्येकं तिलतोयाञ्जलिं

वाक्य पढ़े। और जबतक पिण्डमें से भाफ निकलता रहै तब तक पिण्डके सामने बैठारहे। तदनन्तर अपसव्य ही से मोटकादि लेकर 'अद्यामुक गोत्र' आदि वाक्य पढ़े और प्रथम शिरःपूरक पिण्डके

ऊपर एक तिलतोयांजलि देवै। इसी प्रकार 'अद्यामुकगोत्र' आदि पढ़कर तिल जलसे भरा एक पूर्ण पात्र पिंडके समीप रखै। इसके बाद पिण्डके दोनों तरफ समीप में त्रिकाष्ठिका रखै और उस पर जल तथा दूध से भरा हुआ पात्र (दोनिया) रखै और 'श्मशानाऽनलदग्धोऽसि' इस मन्त्रको

पिण्डोपरि दद्यात् ॥ एवं पिण्डसमीपे एकं तिलतोयपूर्णपात्रं दद्यात्॥ अद्याऽमुकगोत्र पितरमुकप्रेत पिण्डसमीपे एतत्तिलतोयपूर्णपात्रं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ ततः पिण्डपार्श्वयोस्त्रिकाष्ठिकारोपणम् ॥ तस्या उपरि जल-दुग्धपात्रं च निदध्यात् ॥ श्मशानानलदग्धोऽसि परित्यक्तोऽसि बान्धवैः। इदं नीरं इदं क्षीरमत्र स्नाहि इदं पिब ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्॥ इति पिण्डोपरि दद्यात, पश्चाज्जले सर्वं क्षिपेत्। तत उपलिप्तायां भूमौ माल्यं पानीयं दीपं च निधाय। अद्याऽमुकगोत्र पितरमुकप्रेत इदं माल्यं परिधेहि ते मया दीयते तवोप-

पढ़कर पिण्डपर देवे। सब करनेके बाद सभी चीजें जलमें डाल दे। फिर उस जमीनको गोबरसे लीपकर वहाँ पर माला जल और दिया जला कर रखै। मोटक तिल जल लेकर 'अद्यामुकगोत्र' यह

वाक्य पढ़ कर जल छोड़े । अथवा घरकी दुआरी पर ही प्रेत के उद्देश्य से त्रिकाष्ठिका रख कर

तिष्ठताम् । अद्यामुकगोत्र पितरमुकप्रेत इदं पानीयं पिब ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् । अद्यामुकगोत्र पितरमुकप्रेत इमं दीपं पश्य ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ॥ इति दद्यात् ॥ अथवा सायङ्काले गृहद्वारि प्रेतमुद्दिश्य दशरात्रं त्रिरात्रं वा दद्यात् ॥ तत्र क्रमः । रात्रौ गोमयोपलिप्तायां भूमौ त्रिकाष्ठिकासमारोपितमृण्मयपात्रद्वये जलं क्षीरं च निधाय तत्समीपे माल्यं दीपं च निधाय। अद्याऽस्यां रात्रौ अमुकगोत्र पितरमुकप्रेताऽत्र स्नाहि इदं पिब इदं परिधेहि अनेन पश्य, इति निवेदयेत् ॥ अनेनैव क्रमेण प्रथमपिण्डवद् द्वितीयादिदिवसेषु द्वितीयादिपिण्डं दद्यात् ॥ तत्र विशेषः । द्वितीयदिने पिण्डदानवाक्ये कर्णाऽक्षिनासिकापूरको द्वितीयः पिण्डः, द्वौ तिलतोयाञ्जली, द्वे तिलतोयपूर्णपात्रे

पहिले की तरह संकल्प करै और कहै कि–'इदं स्नाहि इदं पिब इदं परिधेहि अनेन पश्य।' इसी प्रकार पूर्ववत् दूसरे दिनसे लेकर दस दिन तक पिंड देवै। दूसरे दिन पिंड देनेके समय जो वाक्य

कहै तो 'कर्णाक्षिनासिकापूरको द्वितीयः पिण्डः, द्वौ तिलतोयाञ्जली, द्वे तिलतोयपात्रे।' इस वाक्य को जोड़ लेवै। तृतीय दिन 'गलांशभुजवक्षःपूरकः तृतीयः पिण्डः, त्रयस्तिलतोयाञ्जलयः, त्रीणि तिलतोयपूर्णपात्राणि।' चतुर्थ दिन 'नाभिलिङ्गगुह्यपूरकः चतुर्थः पिण्डः, चत्वारस्तिलतोयाञ्जलयः

